हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

06 जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशा तस्करों पर शिकंजा...



09 प्रधानमंत्री का सपना हर दीदी सशक्त हो और आगे बढ़कर...



देवास-इंदौर | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर |

**खबर संक्षेप में**

### वॉक थान का आयोजन 12 को किया जाएगा

**नलखेड़ा।** जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप यूनिक द्वारा फिट इंडिया के लिए आगामी 12 जुलाई को वॉक थान का आयोजन किया जा रहा है। जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप यूनिक द्वारा आगामी 12 जुलाई को प्रातः 7 बजे से चौक बाजार स्थित जैन मंदिर से फिट इंडिया के उद्देश्य से वॉक थान का आयोजन किया जा रहा है। जो चौक बाजार से गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग, धरोला चौराहा होते हुवे तहसील रोड़ स्थित सागर विद्या निकेतन पहुंचेगा जहाँ समापन होगा। नगर में प्रथम बार हो रहे इस प्रकार के आयोजन के लिए आयोजक घर घर संपर्क कर इसमें भाग लेने की अपील कर रहे है।

### कलेक्टर ने सोयतकला क्षेत्र के किसानों की मल्चिंग-ड्रिप खेती की सराहना की



नलखेड़ा।जल संरक्षण के साथ कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रीति यादव ने गुरुवार को सोयतकलां तहसील क्षेत्र का भ्रमण कर प्रगतिशील किसानों के खेतों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम दुल्याखेड़ी में किसान बालू सिंह सोंधिया के खेत पर पहुंचकर मल्चिंग एवं ड्रिप पद्धति से लगाई गई तोरई, चवला, लौकी, मिर्च, गिलकी एवं ताइवान पपीता की फसल देखी। उन्होंने किसान के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि मल्चिंग एवं ड्रिप तकनीक से पानी की बचत के साथ-साथ उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होती है। कलेक्टर ने क्षेत्र के अन्य किसानों को भी इस पद्धति को अपनाने के साथ-साथ कम लागत-अधिक लाभ वाली फूलों की खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती यादव, ग्राम कवरा खेड़ी,पहुंचीं और किसान प्रकाश दांगी के खेत में तरबूज के बाद लगाई लौकी की फसल का निरीक्षण किया। किसान प्रकाश दांगी ने बताया कि वे उत्पादित सब्जियों को जयपुर, कोटा, भोपाल, उज्जैन एवं इंदौर की मंडियों में सामूहिक रूप से ट्रक के माध्यम से भेजकर अच्छा लाभ अर्जित कर रहे हैं। कलेक्टर ने इस सामूहिक विपणन मॉडल को अन्य किसानों के लिए भी अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक, उपसंचालक उद्यानिकी अर्जुन सिंह राजपूत जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीश चंद्र मालवीय सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर के आदेश पर तीन सदस्यीय दल कर रहा जांच, सात दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

# विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पर दानदाताओं के दिए दान का मामला गर्माया!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में रजत एवं स्वर्ण से श्रृंगारित कराए जाने के लिए एक समिति बनाई गई थी जिसके माध्यम से दानदाताओं से दान लेकर उन्हे रसीद भी उपलब्ध कराई जा रही थी। प्रबंध समिति के समांतर बनी इस समिति को प्राप्त होने वाली दान राशि को लेकर जब सवाल उठने लगे तो कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा तत्काल जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन कर दिया गया और त्वरित जांच कर सात दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। आदेश होते ही जांच दल जांच प्रक्रिया में जुट चुका है। फिलहाल जांच दल द्वारा किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नही दी गई है पर यह मसला खासा सुर्खियों में आ चुका है।

कलेक्टर ने जांच को समयबद्ध और तथ्याधारित रखने के संकेत दिए हैं। आदेश में साफ कहा गया है कि जांच दल मंदिर परिसर का निरीक्षण करें, अभिलेखों का परीक्षण करें और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर रिपोर्ट दे। इससे यह स्पष्ट है कि जिला प्रशासन इस मामले को सामान्य शिकायत मानकर छोडन्ने की अपेक्षा व्यवस्थित जांच के जरिए तथ्य सामने लाना चाहता है। प्रशासनिक सख्ती के इस कदम से अब मंदिर प्रबंधन और चढ़ावे की पूरी व्यवस्था पर भी बारीक नजर रहेगी।

मंदिर के गर्भगृह एवं बाहरी स्वरूप को चांदी एवं सोने की परत से श्रृंगारित किए जाने की एक कार्ययोजना विगत 2-3 वर्ष पूर्व मंदिर से जुड़े हुए लोगो द्वारा आरंभ की गई थी तथा दानदाताओं को पूर्ण पारदर्शिता का विश्वास दिलाते हुए समिति ने अपना पंजीयन भी करवाया और दान में प्राप्त होने वाली राशि को जमा करने के लिए बकायदा बैंक में खाता भी खुलवाया गया। सुत्रो के अनुसार इस समिति में मंदिर से जुड़े हुए नित्य साधको को शामिल किया गया। करीब 2-3 वर्षो में समिति के माध्यम से चांदी एवं सोने के साथ-साथ अन्य आर्थिक चढ़ावा दानदाताओं द्वारा दिया गया जिसकी रसीद समिति ने दानदाताओं को उपलब्ध कराई। अयोध्या दान राशि चोरी मामला सुर्खियो में आने के बाद मां बगलामुखी मंदिर में प्रबंध समिति के समांतर रूप से चल रही इस समिति को लेकर सवाल उठे तो कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा तत्काल एक जांच दल का गठन कर दिया गया जिसमें जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी एवं नलखेड़ा नगर परिषद सीएमओ मीनी अग्रवाल को शामिल किया गया।जांच दल मंदिर परिसर में किसी गैर शासकीय/अपंजीकृत समिति द्वारा दान अथवा चढ़ावा प्राप्त करने हेतु समांतर व्यवस्था संचालित किए जाने के तथ्यों एवं उत्तरदायित्वों का परीक्षण करेगा।

संबंधित रसीद पुस्तिकाओं, बैंक खातो एवं अन्य अभिलेख के आधार पर नकद, स्वर्ण एवं रजत की मात्रा तथा वित्तीय लेखे जोखे का सत्यापन करेगा।

प्रकरण में किसी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, मंदिर प्रबंधन अथवा अन्य संबंधित व्यक्तियों की संलिप्तता अथवा उत्तरदायित्व का परीक्षण करते हुए अभिमत सहित जांच रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करेगा।


आदेश होने के तत्काल बाद समिति ने अपनी जांच आरंभ कर दी है। लगातार पिछले 24 घंटो से समिति सदस्य जांच प्रक्रिया में जुटे हुए है। समांतर रूप से चलाई जा रही समिति की रसीदों का मिलान किया जा रहा है। बैंक ट्रांजेक्शन का परीक्षण किया जा रहा है साथ ही दानदाताओं द्वारा चढ़ाए गए सोने-चांदी के चढ़ावे का परीक्षण भी किया जा रहा है।





### जांच दल द्वारा बैंक पहुंचकर जांच करने के उपरांत सदस्यों से की गई चर्चा

नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर का रजत सौंदर्य करण के लिए समिति बनाकर दान लेने के मामले की जांच कलेक्टर द्वारा गठित तीन सदस्य जांच द्वारा प्रारंभ की गई है। बुधवार को जांच दल नलखेड़ा पहुंचा जहां उनके द्वारा समिति सदस्यों से बंद कमरे में चर्चा की गई। तथा बैंक में जाकर समिति के लाकर और बैंक खातों की भी जांच कर जानकारी ली गई। मां बगलामुखी के नाम पर सुदर्शन सेवा समिति बनाकर सोना चांदी और नगदी दान एकत्रित करने का मामला आरोपो के घेरे में आने के बाद समिति सदस्यों ने बताया कि हमने पूरी ईमानदारी से मां की सेवा की हैं। जांच में पूरी तरह सहयोग करेंगे। समय-समय पर ऑडिट भी कराया गया है। वर्ष 2024 में बनी उक्त समिति का पंजीयन भी कराया गया था -मंदिर परिसर में रसीद काउंटर लगाकर दान प्राप्त करने के लिए वर्ष 2024 में समिति का पंजीयन भी कराया गया है समिति द्वारा दानदाताओं को दी गई रसीद पर समिति का पंजीयन क्रमांक 07/47/04/19267/24 के साथ बैंक खाते का विवरण तथा 5 मोबाइल नंबर भी अंकित है।




### सौंदर्यीकरण के लिए लिया गया था दान

जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में लंबे समय से एक समानांतर समिति की सक्रियता की बात सामने आई है। मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए बाकायदा एक मॉडल तैयार कर परिसर में रखा गया था। सौंदर्यीकरण के लिए आधा किलो से अधिक चांदी दान करने वालों की सूची मंदिर परिसर में पत्थर पर अंकित कर लगाई गई है। समानांतर व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे कि श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जा रहे बहुमूल्य आभूषण और नगदी का पारदर्शी सरकारी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। मंदिर जैसे आस्था के बड़े केंद्र में इस प्रकार के प्रश्नों ने स्वाभाविक रूप से लोगों की चिंता बढ़ा दी। कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लिया और जांच समिति गठित कर दी। अब इस बात की आशा बढ़ गई है कि चढ़ावे, सोना-चांदी और दान राशि से जुड़े पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो मामला केवल वित्तीय अनियमितता तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि मंदिर प्रबंधन व्यवस्था, चढ़ावे की पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। फिलहाल सबकी नजर 7 दिन में आने वाली जांच रिपोर्ट और उसके बाद होने वाली प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा मंदिर में प्राप्त होने वाले तमाम चढ़ावे एवं दान राशि के साथ-साथ सभी तरह के आर्थिक लेन-देन की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए है समिति द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद ही इस मामले में कुछ कह पाना संभव होगा

**प्रीति यादव, कलेक्टर**, जिला आगर मालवा

# नलखेड़ा शिक्षण समिति की सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा




नलखेड़ा शिक्षण समिति की वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष अरविंद सिंघवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत के प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र सह मंत्री एवं प्रांत अध्यक्ष प्रकाशचंद्र धनगर, प्रांत सह सचिव अनुराग जैन तथा शाजापुर विभाग समन्वयक सुरेन्द्र जोशी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत नलखेड़ा शिक्षण समिति के सचिव गिरिराज तेजरा द्वारा कराया गया तथा स्वागत सचिव गिरिराज तेजरा एवं कोषाध्यक्ष गोविंद वेदिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इसके उपरांत सचिव गिरिराज तेजरा ने गत साधारण सभा की कार्यवाही का वाचन किया, जिसका सभा द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। तत्पश्चात उन्होंने विद्यालय एवं समिति का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष गोविंद वेदिया ने वित्तीय वर्ष 2025झ26 का अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं प्रस्तावित बजट सभा के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे साधारण सभा द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। नलखेड़ा शिक्षण समिति का द्विवार्षिक निर्वाचन सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद्र धनगर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

तत्पश्चात धारा 27 एवं 28 से संबंधित आवश्यक कार्यवाही हेतु सचिव को अधिकृत किया गया तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। सभा के दौरान नलखेड़ा शिक्षण समिति के साधारण सभा सदस्य स्वर्गीय गोपाल विश्वकर्मा, विद्यालय के लेखपाल स्वर्गीय ललित चव्हाण तथा विद्यालय के पूर्व छात्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभी दिवंगत आत्माओं की पावन स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अंत में प्रांत अध्यक्ष प्रकाशचंद्र धनगर एवं प्रांत सह सचिव अनुराग जैन ने अपने मार्गदर्शन से उपस्थित सदस्यों का मार्गदर्शन किया। अंत में संस्था प्राचार्य ईश्वर सिंह सोलंकी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। शांति मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ।

# उत्कृष्ट विद्यालय सीएम राइज भवन में शिफ्ट करने का अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर के मध्य स्थित सीएम राइज स्कूल के भवन में फेंटी रोड़ स्थित उत्कृष्ट विद्यालय को स्थानांतरित करने की मांग का एक ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी के नाम स्थानीय बीईओ कार्यालय पर सौंपा। गुरुवार को अभाविप द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय नगर से काफी दूर फेंटी रोड़ पर स्थित है। जिसके चलते छात्रों को पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं इसी के चलते उत्कृष्ट विद्यालय में छात्र संख्या भी कम हो रही है। नगर से दूर होने से पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर के मध्य संचालित होने वाला सीएम राइज स्कूल जो अब सान्दीपनि स्कूल के नाम से जाना जाता है अपने नए भवन में शिफ्ट हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर मध्य सीएम राइज स्कूल के खाली हो रहे भवन में उत्कृष्ट विद्यालय स्थानांतरित किया जाए जिससे छात्रों की परेशानियां खत्म हो सके व स्कूल में छात्र संख्या भी बढ़ सके। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान जिला संयोजक हुसैन दरबार,नगर सहमंत्री कुलदीप शर्मा, नगर सहमंत्री निमेष जैन,नगर सहमंत्री हर्षित शर्मा,नगर एसएफडी संयोजक सुमित पांचाल,नगर विद्यालय संयोजक देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला खेलो भारत टोली सदस्य भानु सोनगरा,जय शर्मा, हार्दिक तिवारी आदि उपस्थित थे।



## मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्टॉप डैम पर जमा हुआ लोगों का मजमा

# मूसलाधार वर्षा से लखुंदर नदी का बढ़ा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

नगर में मंगलवार शाम से प्रारंभ हुई वर्षा के बाद इस वर्ष पहली बार लखुंदर नदी का जल स्तर बढ़ गया। माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित स्टॉपडेम से तेज बहाव के साथ गिरते पानी को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। कई दर्शनार्थी भी इस दृश्य को देखने पहुंचे।

नगर सहित क्षेत्र में मंगलवार शाम से मूसलाधार वर्षा प्रारम्भ हुई थी जोकि बुधवार सुबह तक जारी रही। इस दौरान कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी होती रही। इस वर्षा के चलते पहली बार लखुंदर नदी का जल स्तर बढ़ गया। माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित स्टॉपडेम से तेज बहाव के साथ गिरते पानी को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। कई दर्शनार्थी भी इस दृश्य को देखने पहुंचे।



बुधवार सुबह के बाद वर्षा तो नही हुई लेकिन दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और सूर्यदेव ने दर्शन नही दिए।

सायं लगभग 6 बजे तेज हवाओं के साथ कुछ समय के लिए तेज वर्षा हुई उसके बाद रुक रुककर वर्षा का दौर जारी था। गुरुवार को नगर में मौसम साफ रहा आसमान में बादल तो छाए रहे, लेकिन वर्ष का दौर प्रारंभ नहीं हुआ।

### आगर जिले में अब तक हुई औसत 335.6 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में वर्तमान वर्षाकाल में अब तक 09 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे तक औसत 335.6 मि.मी एवं जिले में कुल 1678 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है, जिले में गत वर्ष इस अवधि में औसत 153.1 मि.मी वर्षा दर्ज की गई थी। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 09 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे तक 24 घंटों में आगर मे 12 मि.मी, नलखेड़ा में 14 मि.मी, सोयतकलां में 41 मि.मी, सुसनेर में 19 मि.मी, इस तरह जिले में औसत 17.2 मि.मी, वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में बडौद में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है वर्तमान वर्षाकाल में 09 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे तक आगर में 346 मि.मी, बड़ोद में 223 मि.मी, नलखेड़ा में 410 मि.मी, सोयतकलां में 360 मि.मी एवं सुसनेर में 339 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है।


**बिजनेस साइट**

### मल्टी- एसेट एक्टिव एफओएफः डायनामिक एसेट एलोकेशन क्यों ज़रूरी है

**इंदौर।** मार्केट लगातार बदलते रहते हैं। आर्थिक विकास, महंगाई, ब्याज दरें और दुनिया भर की घटनाएं निवेश के माहौल को बदलती रहती हैं। फिर भी, कई पोर्टफोलियो सालों तक लगभग वैसे ही बने रहते हैं। सवाल यह है - क्या उन्हें ऐसा ही रहना चाहिए?

सफल निवेश का मतलब सिर्फ़ सही एसेट क्लास चुनना नहीं है, बल्कि यह तय करना भी है कि हर एक में कितना पैसा लगाया जाए। समय के साथ मार्केट में अलग-अलग एसेट क्लास का दबदबा बदलता रहता है। जो पोर्टफोलियो आर्थिक साइकिल के एक दौर में अच्छा काम करता है, हो सकता है कि वह अगले दौर में उतना अच्छा न रहे। इक्विटी में लंबे समय में एसेट बनाने की क्षमता होती है, डेट स्थिरता और नियमित कमाई दे सकता है, जबकि सोना पारंपरिक रूप से महंगाई और अनिश्चितता के समय बचाव (हेज) का काम करता है। चूंकि ये एसेट क्लास मार्केट साइकिल के अलग-अलग दौर में अलग-अलग तरह से काम करते हैं, इसलिए आप किसमें कितना पैसा लगाते हैं, यह खुद एसेट चुनने जितना ही ज़रूरी हो सकता है।

यहीं पर डायनामिक एसेट एलोकेशन काम आता है। मार्केट की स्थितियों की परवाह किए बिना निवेश का एक ही मिक्स बनाए रखने के बजाय, यह वैल्यूएशन, ब्याज दरों, महंगाई और अलग-अलग एसेट क्लास के आकर्षण जैसे कारकों के आधार पर एलोकेशन को बदलने की सुविधा देता है। मल्टी- एसेट एक्टिव एफओएफ इसी सोच पर आधारित हैं। प्रोफेशनल तौर पर मैनेज किए जाने वाले इक्विटी, डेट और कमोडिटी - ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड में निवेश करके, वे डाइवर्सिफिकेशन (विविधता) और एक्टिव एसेट एलोकेशन को मिलाते हैं। पोर्टफोलियो इक्विटी ओरिएंटेड स्कीम में 30-80%, डेट- ओरिएंटेड स्कीम में 10-60% और गोल्ड ईटीएफ और / या सिल्वर ईटीएफ में 10-30% तक निवेश कर सकता है, जिससे यह मार्केट की बदलती स्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सकता है।



**उमेश माहेश्वरी**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, इंदौर

डाइवर्सिफिकेशन के अलावा, अनुशासित पोर्टफोलियो समीक्षा और नियमित रीबैलेंसिंग निवेश को मार्केट की बदलती स्थितियों के अनुरूप बनाए रखने में मदद करते हैं। निवेशकों को एक ही निवेश के ज़रिए कई एसेट क्लास तक पहुंच भी मिलती है। चूंकि रीबैलेंसिंग फंड के भीतर ही की जाती है, इसलिए इससे संभावित टैक्स फ़ायदे भी मिल सकते हैं।

मार्केट बदलते रहेंगे और कोई भी हर उतार-चढ़ाव का लगातार सही अनुमान नहीं लगा सकता। डायनामिक एसेट एलोकेशन इस सच्चाई को समझता है। यह कल की मार्केट स्थितियों से बंधे रहने के बजाय, पोर्टफोलियो को आने वाले कल के अवसरों के अनुरूप बनाए रखने की कोशिश करता है। यही मल्टी-एसेट एक्टिव एफओएफ अप्रोच का मुख्य आधार है।

इसके अनुसार, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट एक्टिव एफओएफ का विकल्प चुन सकते हैं। यह इक्विटी ओरिएंटेड स्कीम में 30-80%, डेट ओरिएंटेड स्कीम में 10-60% और गोल्ड या सिल्वर ईटीएफ में 10-30% निवेश करके डायनामिक एलोकेशन बनाए रखता है। फंड समय-समय पर रीबैलेंसिंग करता है, जिससे निवेशकों को मार्केट के हिसाब से सही समय चुनने या फंड बदलने की ज़रूरत नहीं पड़ती। एनएफओ 14 जुलाई, 2026 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है।

## खबर संक्षेप

### अभिषेक गौतम ने संभाली कांटाफोड़ थाना प्रभारी की कमान



**कांटाफोड़।** थाना कांटाफोड क्षेत्र को नए थाना प्रभारी के रूप में अनुभवी पुलिस अधिकारी अभिषेक गौतम का नेतृत्व मिल गया है। उन्होंने विधिवत रूप से कांटाफोड़ थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा आमजन को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। थाना प्गौतम ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं समन्वय मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, अवैध कारोबार अथवा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, नशे के कारोबार, जुआ-सट्टा, चोरी, लूट तथा अन्य अपराधों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जाएगा।

### मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के चलते नगर में चली फागिंग मशीन



**भौरासा।** नगर में मच्छरों की तादात बढ़ने के बाद नगर परिषद् भौरासा द्वारा फागिंग मशीन लगातार अलग अलग वॉर्ड में चलाई जा रही हैं, जिसका कुछ हद तक असर भी देखने को मिल रहा है और मच्छरों की संख्या पहले की तुलना में काफी कम हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जय सिंह राणा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमिला ठाकुर ने बताया है कि नगर परिषद् भौरासा में मच्छरों को खदेड़ने के लिए सतत अभियान शुरु किया गया है। वही पप्पू मालवीय व दरोगा सतीश फतरोड ने बताया कि हमारे द्वारा बुधवार को नगर में जगह जगह मशीन से फागिंग की गई और आगे भी इस तरह की फागिंग की जाएगी। अस्पतालो में भी वर्षा जनित वायरल के कारण मरीजों की लगातार भीड़ देखने को मिल रही है

### एकादशी पर सजेगा बाबा श्याम का दरबार

**देवास।** अमृत नगर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार, 10 जुलाई को योगिनी एकादशी के पावन अवसर पर बाबा श्याम का विशेष धार्मिक आयोजन होगा। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा तथा श्रद्धालुओं के लिए दिनभर दर्शन की व्यवस्था रहेगी। शाम 6 बजे से मंदिर में बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, पवित्र ज्योत दर्शन एवं 56 भोग का आयोजन किया जाएगा। वहीं खाटू श्याम महिला मंडल द्वारा संगीतमय भजन संध्या में बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके बाद शाम 7:30 बजे महाआरती संपन्न होगी।

पीट- एनडीपीएस के तहत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आदतन ड्रग तस्कर गिरफ्तार

# जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशा तस्करों पर शिकंजा, अब तक छः जा चुके जेल

एसपी एवं कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर संभाग आयुक्त द्वारा आदतन ड्रग तस्कर के विरुद्ध निरोधात्मक आदेश के पालन में पुलिस ने की कार्रवाई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ देवास पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। ड्रग तस्करी में संलिप्त आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने PIT-NDPS अधिनियम, 1988 के तहत एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक देवास एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर उज्जैन संभाग के आयुक्त आशीष सिंह ने आदतन ड्रग तस्कर के विरुद्ध निरोधात्मक आदेश जारी किया, जिसके पालन में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल इंदौर में निरुद्ध करा दिया।पुलिस के अनुसार पीपलरावां निवासी शकील खां वर्ष 2021 से लगातार मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल तीन प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी की लगातार आपराधिक गतिविधियों और समाज पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास एवं जिला दण्डाधिकारी ने उसके विरुद्ध PIT-NDPS अधिनियम के तहत कार्रवाई का प्रतिवेदन तैयार कर उज्जैन संभाग आयुक्त को भेजा था। प्रतिवेदन पर विचार करने के बाद आयुक्त श्री आशीष सिंह ने PIT-NDPS अधिनियम, 1988 की धारा 3(1) के तहत आरोपी को एक वर्ष के लिए केंद्रीय जेल इंदौर में निरुद्ध करने के आदेश जारी किए।आदेश प्राप्त होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शकील खां को गिरफ्तार किया और सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उसे केंद्रीय जेल इंदौर भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की निरोधात्मक कार्रवाई का उद्देश्य केवल अपराधियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उन्हें लंबे समय तक अवैध गतिविधियों से दूर रखकर समाज में नशे के नेटवर्क को कमजोर करना है।देवास पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाई गई है। इसी नीति के तहत मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आदतन अपराधियों के विरुद्ध केवल एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज करने तक सीमित न रहकर PIT-NDPS, जिलाबदर, बाउंड ओवर तथा अन्य कठोर कानूनी प्रावधानों का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इससे ऐसे अपराधियों पर स्थायी अंकुश लगाने में मदद मिल रही है।पुलिस ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी पांच आदतन ड्रग तस्करों के विरुद्ध PIT-NDPS अधिनियम के तहत कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। आज की कार्रवाई के बाद जिले में इस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर छह हो गई है। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।देवास पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कहीं मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन से संबंधित कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का कहना है कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनसहयोग भी उतना ही आवश्यक है, जितनी कानून की सख्त कार्रवाई।

# नगर निगम आयुक्त ने व्यापारियों से की अपील

गौशाला के विकास में करें सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम देवास द्वारा संचालित शंकरगढ़ गौशाला के विकास, संरक्षण, गौसेवा को जनसहभागिता से सुदृढ़ बनाने नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शहर के व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि नगर निगम की सहयोगी संस्था अभिरंग के माध्यम से विशेष क्यूआर कोड युक्त नेमप्लेट तैयार कराई गई हैं। शहर के व्यापारी एवं प्रतिष्ठान संचालक अपने प्रतिष्ठानों पर उक्त नेमप्लेट लगाकर गौशाला के विकास एवं गौमाता की सेवा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकते हैं। नेमप्लेट पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करते ही दान राशि सीधे नगर निगम संचालित शंकरगढ़ गौशाला के खाते में जमा होगी, जिससे प्राप्त राशि का उपयोग गौवंश के चारा, चिकित्सा, रखरखाव एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किया जाएगा। आयुक्त कुमार ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने नगर के सभी व्यापारियों एवं उद्योग बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुडक़र गौशाला के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, गौशाला के नोडल/स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर, गौशाला संचालक बसंत वर्मा तथा संदीप बैरागी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। नगर निगम देवास ने नगरवासियों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे क्यूआर कोड युक्त नेमप्लेट अभियान में सहभागी बनकर गौसेवा के इस पुनीत कार्य में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करें।

# कुत्ते का बच्चे पर हमलाकर पैर में काटा, 7 दिन में आए 108 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हाल ही में जलोनी सियापुरा में 10 वर्षीय मोहित मालवीय पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर उसे घायल कर दिया। वहीं, पिछले सात दिनों में जिला अस्पताल में कुत्तों के काटने के 108 मामले दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, मोहित अपने घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता वहां पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे को जमीन पर गिराकर उसके पैर में काट लिया, जिससे वह घायल हो गया। बच्चे के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख कुत्ता वहां से भाग गया। इसके बाद परिजन मोहित को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। शहर में लगातार बढ़ रही कुत्तों के काटने की घटनाओं ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### 21 जुलाई को निकलेगी इस्कॉन देवास की भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा

**देवास।** इस्कॉन देवास द्वारा 21 जुलाई, मंगलवार को भगवान श्री श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य यात्रा दोपहर 3:00 बजे राम नगर स्थित रामेश्वर मंदिर से प्रारंभ होगी। इस्कॉन देवास के आनंदमय प्रभु ने बताया कि रथ यात्रा का उद्देश्य नगरवासियों को भगवान श्री जगन्नाथ के दिव्य दर्शन कराना तथा हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया। रथ यात्रा रामेश्वर मंदिर (राम नगर) से प्रारंभ होकर सयाजी गेट, नगर निगम, लाल गेट, बस स्टैंड, भोपाल चौराहा एवं नाहर दरवाजा से होते हुए लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में सम्पन्न होगी। भक्तिमय भजन तथा भगवान श्री जगन्नाथ के दिव्य दर्शन का लाभ सभी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

# बागली में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



जिला चिकित्सा अधिकारी सरोजिनी जेम्स बैक के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य ब्लॉक अधिकारी अमित नागर, सेक्टर के चिकित्सकों तथा ब्लॉक के सभी सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सुपरवाइजर एवं नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया।

अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी करण सिंह सदावत ने प्रशिक्षण के दौरान एचएमआईएस एवं एएनएमओएल पोर्टल के संचालन में आने वाली तकनीकी जटिलताओं के समाधान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोर्टलों पर शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित डेटा दर्ज होने से मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि देवास प्रदेश का पहला ऐसा जिला बनने की दिशा में कार्य कर रहा है, जहां फील्ड स्तर से प्राप्त आंकड़ों का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से विश्लेषण कर गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।प्रशिक्षण में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक चलने वाले दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान-2026 की विस्तृत जानकारी भी दी गई। अभियान के तहत बागली विकासखंड में छह माह से पांच वर्ष तक के लगभग 39 हजार बच्चों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर दस्तक देंगी तथा डायरिया से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयों एवं जागरूकता का कार्य करेंगी। अभियान का उद्देश्य बाल मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाना है। कार्यक्रम में बीपीएम रतन सिंह जमाले, बीईई राधेश्याम चौहान, बीसीएम यतिन्द्र बैरागी, सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल, मुकेश उपाध्याय, जगदीश चौहान, योगिता योगी, रेखा नागर, संदीप सिसोदिया, अनिल जोशी सहित ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# निःशुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर आयोजित 55 गांवों में 10 हजार नागरिकों की होगी निःशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




इंदौर कैंसर फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सन फार्मा, देवास के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय नर्सिंग कॉलेज, देवास में निःशुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में देवास ग्रामीण विकासखंड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कैंसर के लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी गई तथा उनकी निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग भी की गई। शिविर के दौरान मुख एवं मुखगुहा (ओरल) कैंसर की जांच, स्तन कैंसर के लिए क्लिनिकल ब्रेस्ट एग्जामिनेशन तथा सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान सुनिश्चित कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना रहा। शिविर का संचालन इंदौर कैंसर फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने किया। टीम में डॉ. वर्षा मंडलोई (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. रूपल अग्रवाल (जनरल सर्जन), डॉ. हर्षिता (दंत चिकित्सक), मोना सदावर्ते तथा समस्त नर्सिंग स्टाफ ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में सन फार्मा देवास के सीएसआर सहयोग से देवास शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 55 गांवों में लगभग 10 हजार नागरिकों के लिए निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य कैंसर की समय पर पहचान कर उपचार की संभावनाओं को बढ़ाना तथा समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता का व्यापक प्रसार करना है।

### जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**देवास।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय देवास में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय देवास के मनोचिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र प्रजापति की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय डॉ. सोनल भाटी, मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी योगेश अलावा, महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सहभागी बने तथा प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए।

# निगम और ट्रैफिक पुलिस ने भोपाल बायपास से अतिक्रमण हटाया




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार को भोपाल बायपास पर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर सडक़ किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई के दौरान वर्षों से संचालित हो रही अस्थायी दुकानों को हटाया गया। आधा दर्जन से अधिक अतिक्रमण ध्वस्त किए गए और कई दुकानों का सामान भी जब्त किया गया।

यह कार्रवाई सडक़ सुरक्षा समिति की हालिया बैठक में उठाए गए मुद्दे के बाद की गई। समिति ने भोपाल बायपास पर सडक़ किनारे लगी अस्थायी दुकानों से यातायात प्रभावित होने और दुर्घटनाओं का खतरा बढऩे पर चिंता जताई थी। दुकानों पर खरीदारी करने आने वाले लोग अपने वाहन बायपास पर ही खड़े कर देते थे, जिससे अक्सर जाम जैसी स्थिति बनती थी। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई से पहले दुकानदारों को एक-दो दिन पहले अतिक्रमण स्वयं हटाने की समझाइश दी गई थी। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। गुरुवार को संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तो कुछ दुकानदारों ने और समय देने की मांग की। अधिकारियों ने पहले ही सूचना दिए जाने का हवाला देते हुए मांग स्वीकार नहीं की और कार्रवाई जारी रखी। अभियान के दौरान ट्रैफिक थाना प्रभारी, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और निगम का अमला मौजूद रहा। अधिकारियों ने कहा कि भोपाल बायपास पर दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई और सख्त कानूनी कदम आगे भी जारी रहेंगे।

पूर्व विधायक कन्नौजे पंचतत्व में विलीन, हजारों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

# विधायक रहते कराए कई विकास कार्य, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बागली विधानसभा के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पहाड़सिंह कन्नौजे का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही बागली विधानसभा क्षेत्र सहित देवास जिले में शोक की लहर दौड़ गई। राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। गुरुवार को उनके पैतृक गांव पटाड़ीपाल में पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों और भावपूर्ण माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया।



हजारों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और वे पंचतत्व में विलीन हो गए।पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नौजे का पार्थिव शरीर गुरुवार सुबह इंदौर से उनके पैतृक गांव पटाड़ीपाल लाया गया। रास्ते में उदयनगर सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों ने अंतिम दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जैसे ही पार्थिव देह गांव पहुंची, क्षेत्र में शोक का वातावरण छा गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े।अंतिम यात्रा पूरे सम्मान के साथ निकाली गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने उनकी अर्थी को कंधा दिया तथा पार्थिव देह पर भाजपा का ध्वज ओढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार के समय मौजूद हजारों लोगों ने ₹पहाड़सिंह कन्नौजे अमर रहें₹ के नारों के बीच उन्हें अंतिम विदाई दी।

कन्नौजे का जीवन संघर्ष, सेवा और अनुशासन का उदाहरण रहा। उन्होंने पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर रहते हुए अपनी सेवाएं दीं, लेकिन समाज और क्षेत्र की व्यापक सेवा के उद्देश्य से उन्होंने नौकरी छोड़ राजनीति का रास्ता चुना। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें पहली बार बागली विधानसभा से प्रत्याशी बनाया और जनता ने उन पर विश्वास जताते हुए विधायक चुना।अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने बागली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया। उनके प्रयासों से क्षेत्र में दो सीएम राइज स्कूल, न्यायालय भवन, राजस्व भवन सहित अनेक विकास कार्य स्वीकृत हुए। उनकी अंतिम यात्रा में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, कमल यादव, राजेंद्र सिंह सेंधव कवड़िया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, समाजजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।

खबर संक्षेप

## 15 जुलाई तक सभी इंटर कॉलेजों में पुस्तक मेला शिविर लगेंगे

**ललितपुर।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को महंगी एवं अनधिकृत निजी प्रकाशकों की पुस्तकें और गाइड खरीदने के लिए बाध्य करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) ओम प्रकाश ने सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन मान्यता प्राप्त हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा निर्धारित पुस्तकों के अलावा अन्य पुस्तकें संचालित करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कुछ विद्यालयों और पुस्तक विक्रेताओं की मिलीभगत से निजी प्रकाशकों की अनधिकृत पुस्तकें एवं गाइड छात्रों को बेची जा रही हैं। इन पुस्तकों की कीमत परिषद द्वारा निर्धारित पुस्तकों की तुलना में 149 प्रतिशत से 361 प्रतिशत तक अधिक है, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसे रोकने के लिए विभाग ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। डीआईओएस ने सभी राजकीय एवं सहायता प्राप्त इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे 15 जुलाई 2026 तक अधिकृत मुद्रकों एवं वितरकों के सहयोग से अपने विद्यालयों में पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर (पुस्तक मेला) आयोजित कराएं, ताकि छात्र-छात्राओं को निर्धारित मूल्य पर अधिकृत पुस्तकें आसानी से उपलब्ध हो सकें। आयोजित शिविरों की समूह फोटो परिषद की वेबसाइट एवं डीआईओएस ग्रुप पर अपलोड करना भी अनिवार्य होगा।शिक्षा विभाग ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को सलाह दी है कि परिषद द्वारा अधिकृत पुस्तकों के कवर पर अल्ट्रा वॉयलेट फ्लोरोसेंट लाल रंग में अंकित सात अंकों का सीरियल नंबर अवश्य देखें। यह नंबर असली पुस्तकों की पहचान होगा। बिना सीरियल नंबर वाली पुस्तकें अनधिकृत मानी जाएंगी। नकली या पाइरेटेड पुस्तकें बेचने वालों के विरुद्ध पुलिस, वाणिज्य कर एवं आयकर विभाग के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई की जाएगी। छात्रों की सुविधा के लिए परिषद ने कक्षा 9 एवं 10 की अधिकृत पुस्तकें ऑनलाइन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है। विद्यार्थी एवं अभिभावक बिना अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क के अधिकृत वेबसाइटों के माध्यम से पुस्तकें मंगा सकेंगे। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी सभी विद्यालयों को दिए गए हैं। परिषद ने कक्षा 9 से 12 तक की पुस्तकों के मुद्रण एवं वितरण के लिए केवल तीन अधिकृत मुद्रकों को अनुमति दी है। कक्षा 9 एवं 12 की पुस्तकें मेसर्स पायनियर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, आगरा, कक्षा 10 की पुस्तकें मेसर्स पीताम्बरा बुक्स प्रा. लि., झांसी तथा कक्षा 11 की पुस्तकें मेसर्स सिंघल एजेंसीज, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। डीआईओएस ओम प्रकाश ने बताया कि 15 जुलाई 2026 तक जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकृत पुस्तकों की उपलब्धता, अनधिकृत पुस्तकों के प्रयोग तथा छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन उपस्थिति (ऑनलाइन हाजिरी) की भी जांच की जाएगी। यदि किसी विद्यालय में नियमों का उल्लंघन पाया गया तो इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम-1921 के विनियम-18 के तहत संबंधित प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस ने सभी विद्यालय प्रबंधनों से शासन एवं परिषद के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने तथा छात्रों और अभिभावकों को केवल अधिकृत एवं निर्धारित मूल्य की पुस्तकें उपलब्ध कराने की अपील की है।

## समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी 10 अगस्त तक

**विदिशा।** जिले के शमशाबाद स्थित विपणन सहकारी समिति के मूंग उपार्जन केंद्र पर मंगलवार से समर्थन मूल्य पर खरीदी का शुभारंभ हुआ। प्रशासन ने केंद्र पर पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। खरीदी 10 अगस्त तक चलेगी।

### महिलाओं व सहरिया जनजाति के परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने अभियान शुरू किया

# प्रधानमंत्री का सपना हर दीदी सशक्त हो और आगे बढ़कर देश को संभाले : शर्मा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सरकार की मंशा को और आगे बढ़ाते हुए जनपद में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित कर पलायन पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नवाचार एवं दूरदर्शी नेतृत्व में मिशन दुग्ध शक्ति-ललितपुर का शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रारंभ की गई यह महत्वाकांक्षी पहल ललितपुर को प्रदेश के प्रमुख दुग्ध उत्पादन जनपदों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ललितपुर जैसे ग्रामीण एवं आदिवासी बहुल जनपद में आर्थिक समृद्धि का सबसे प्रभावी माध्यम स्थानीय संसाधनों पर आधारित आजीविका है। इसी सोच के साथ दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन को संगठित स्वरूप प्रदान कर ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं एवं सहरिया जनजाति के परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान शुरू किया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जोड़कर दुग्ध उत्पादन एवं विपणन की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित की जा रही है। समूहों द्वारा गांवों में संचालित दुग्ध संग्रहण केंद्रों के माध्यम से उत्पादित दूध का विपणन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे किसानों एवं पशुपालकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विकासखंड जखौरा के ग्राम बसवां के 21 परिवारों को बैंक वित्तपोषण के माध्यम से बुंदेलखंड की जलवायु के अनुकूल उन्नत नस्ल की भैंसें उपलब्ध कराई गईं। वहीं अब तक 529 परिवारों को विभिन्न बैंक शाखाओं के माध्यम से भैंस पालन हेतु ऋण स्वीकृत किया जा चुका है तथा आगामी चरण में एक हजार से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जनपद में एफएओ एवं आईजीएफआरआई के सहयोग से वैज्ञानिक चारा विकास कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही जिन परिवारों के पास पशुशाला की सुविधा नहीं है, उनके लिए पशु शेड निर्माण, पशुओं के उपचार एवं बीमा जैसी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे पशुपालन को सुरक्षित एवं लाभकारी बनाया जा सके।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि यह योजना केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, युवाओं के लिए स्थानीय रोजगार उपलब्ध कराने तथा पलायन रोकने का प्रभावी माध्यम बनेगी। भविष्य में जनपद में पशु मेलों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे लाभार्थी स्वयं अपनी आवश्यकता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण पशुओं का चयन कर सकें। इस अभिनव पहल से प्रत्येक लाभार्थी परिवार की मासिक आय में लगभग 8 से 10 हजार रुपये तक की वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही परिवारों को शुद्ध दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध होंगे, जिससे पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य में सुधार आएगा। जिला प्रशासन का विश्वास है कि मिशन दुग्ध शक्ति-ललितपुर जनपद को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण विकास, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समृद्धि का सशक्त मॉडल स्थापित करेगा।

कार्यक्रम में सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का सपना है कि हर दीदी लखपति दीदी बने और आगे बढ़कर देख को संभाले। यदि ललितपुर को सशक्त बनाना है तो सबसे पहले हमें दीदियों को सशक्त बनाना होगा, अपनी बहनो को आगे बढ़ाना होगा और जब ललितपुर सशक्त होगा तो प्रदेश और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। उन्होंने अमूल डेयरीज, गन्ना उत्पादन आदि का उदाहरण देते हुए कहा कि ललितपुर में झांसी से कही ज्याद दुग्ध उत्पादन की क्षमता है, स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को भी इसी तर्ज पर कार्य करना है। उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबंधक से कहा कि लोन की प्रक्रिया को आसान करें तो और अधिक समूह आसानी से आपसे जुड़ सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बांसी में बलिनी द्वारा डेढ़ लाख लीटर की क्षमता की फेक्ट्री तैयार की जा रही है, जिसमें जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, इसके अलावा जिला प्रशासन ने एक और नई पहल शुरू की है, जिसके तहत सरस भवन के प्रांगण को स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए चौपाटी बनाया जाएगा। कार्यक्रम के उपरान्त सभी अतिथियों ने स्वयं सहायत समूहों की महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश चन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षसोनाली जैन, भाजपा जिला महामंत्री गौरव गौतम, अजय पटैरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति रही। जिला प्रशासन से पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, डीसी एनआरएलएम रमेश कुमार यादव, सीईओ वलिनी मिल्ड प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड ओपी सिंह मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतरजनपदीय गिरोह के 9 गिरफ्तार

## तीन चोरी की बकरियां, पिकअप और 7,660 नकद बरामद किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में पशु चोरी की लगातार हो रही घटनाओं का खुलासा करते हुए थाना तालबेहट पुलिस ने एक अंतरजनपदीय पशु चोर गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई तीन बकरियां, चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन तथा 7,660 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ललितपुर सहित अन्य जिलों में पशु चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह सफलता मिली। थाना तालबेहट में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 238/2026 एवं 239/2026 बीएनएस की धारा 303(2) के तहत दर्ज मामलों की विवेचना के दौरान पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पशु चोरी की घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी तालबेहट के नेतृत्व में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और मैनुअल सूचना तंत्र के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने जिन नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें राघवेन्द्र यादव निवासी ग्राम खांदी मजरा टेकरी, नरेन्द्र निवासी कडेसराबासी, सुखपाल निवासी कगीरपुरा, पुष्पेन्द्र निवासी ऐवनी, अकबर कुरैशी निवासी ओरछा गेट बाहर झांसी, शाहरुख कुरैशी निवासी कोच (जालौन), हल्के भैया निवासी सनसुआ, कल्लू कुशवाहा निवासी रामपुरा मजरा बदनपुर तथा नेता सेन निवासी कडेसराबासी शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो अलग-अलग जिलों और राज्यों में पशुओं की चोरी करता है। गिरोह पहले गांवों और खेतों की रेकी करता था और सुनसान स्थानों या घरों के बाहर बंधे बकरी-बकरों को चोरी कर दूसरे जनपदों में बेच देता था।

बिक्री से मिलने वाली रकम को सभी सदस्य आपस में बांट लेते थे। आरोपियों ने स्वीकार किया कि 5 मई 2026 को ग्राम खांदी से दो बकरियां और एक बकरा तथा 13 जून 2026 को ग्राम करेंगा से छह बकरियां चोरी की थीं। इनमें से अधिकांश पशु बेच दिए गए थे, जबकि बची हुई तीन बकरियों को बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के विरुद्ध थाना बार, थाना पूराकलां और थाना तालबेहट में पशु चोरी से संबंधित कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इनके खिलाफ कुल पांच आपराधिक मुकदमों का रिकॉर्ड सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई तीन बकरियां, वारदात में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन तथा 7,660 रुपये नकद बरामद किए हैं। नकदी पशुओं की बिक्री से प्राप्त होना आरोपियों ने स्वीकार किया है।

### 12 जुलाई तक 15 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया

## एक पेड़ मां के नाम, मेडिकल कॉलेज में महा-पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अमरपुर परिसर में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महा-वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्य मंत्री ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। वहीं विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और अधिक से अधिक पौधरोपण समय की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने बताया कि कॉलेज परिसर में 12 जुलाई तक 15 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, उप-प्रधानाचार्य डा.श्रुति सिंह, सीएमएस डा.गजेंद्र सिंह, डा.मधुरेंद्र सिंह राजपूत, डा.अभिषेक गुप्ता, डा.उत्कर्ष लाहौरिया, डा.रवि पचौरी, डा.आमिर उल हसन, डा.सूर्यवीर सिंह, डा.पवन सूद, डा.एम.सी. गुप्ता, डा.प्रियंका गुवरेले, डा.रूपाली वर्मा, डा.राजेश आर्या, मीडिया प्रभारी डा.विशाल जैन, हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर नंदलाल यादव, हेल्प डेस्क मैनेजर महेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गणमान्य नागरिकों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

## गौरव तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में भोजन कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक रमाकांत तिवारी के पुत्र स्व.पं. गौरव तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान उनकी पुण्य स्मृति में अन्नपूर्णा सेवा संघ के माध्यम से अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व.पं. गौरव तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने उनके सरल, मिलनसार एवं समाजसेवी व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में किया गया यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। इसके



बाद सभी अतिथियों एवं समाजसेवियों ने स्वयं जरूरतमंदों को भोजन परोसकर मानव सेवा का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि किसी प्रियजन की स्मृति में जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और ऐसे आयोजन समाज में सेवा एवं संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा ज्योति सिंह लोधी, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि विवेक जैन जिमी, मदनलाल शर्मा, मानव सुरक्षा कल्याण समिति अध्यक्ष अशोक कुमार सोनी, लक्ष्मीनारायण आचार्य, नीरज शर्मा, शत्रुधन यादव, फिरोज इकबाल, रोहित राठौर, राकेश श्रीवास्तव, टिंकल सर्राफ, विनीता बाबा, कपिल घावरी, शुभम शर्मा, सुमित सिंह, शशिकांत तिवारी, विजय राठौर, लक्ष्मीकांत, उमाकांत, विवेक त्रिपाठी, चंद्रकांत, शुभकांत तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, अमित श्रीवास्तव, आफताब कांत, शक्तिकांत, जेपी पाराशर, जयकांत तिवारी, संजय तिवारी उर्फ शिल्लू, अर्पित तिवारी, रुपेंद्र साहू, विष्णुकांत तिवारी सत्तू, देवेंद्र यादव, रानू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्व.पं. गौरव तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके परिजनों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### भाजपा की जिला बैठक संपन्न

## जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों प्रभारियों को बूथ प्रबंधन बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी की जिला पदाधिकारी बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मंत्री डा अनिल यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन जिला महामंत्री गौरव गोतम ने किया। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि हमारे जनपद का सौभाग्य है कि हमारी इस बैठक में प्रदेश के संगठन शिल्पी प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल उपस्थित हैं। संगठन महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि हमारी कार्यकारिणी को गठित हुये ज्यादा समय नहीं हुआ है और विधानसभा चुनाव सामने है। इसलिए जितनी भी बैठकें होती है वह बूथ मजबूत करने की दृष्टि से होती हैं। हमें बूथ प्रबंधन सीख विधानसभा चुनाव के कील काँटें दुरुस्त कर बूथ का माइक्रोमैनेजमेंट सीख कर सोशल इंजीनियरिंग समझना है। धर्मपाल सिंह ने बूथ के माइक्रोमैनेजमेंट समझाया और सोशल इंजीनियरिंग का मंत्र दिया। 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति के केंद्र में बूथ अध्यक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी सक्रियता, निरंतरता और लक्ष्य-केंद्रित कार्यशैली ही प्रत्येक परिणाम को विजय में परिणित करेगी। उन्होंने नए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को पार्टी से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने पूर्व पदाधिकारियों, जिला कार्यकारिणी सदस्यों,मोर्चा , प्रकोष्ठ के सदस्यों को भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में संगठन की द्रष्टि से समस्त अन्ठानवै जिलों में जिला अध्यक्ष घोषित हो चुके हैं अब मोर्चा के जिला अध्यक्ष घोषित होने हैं उसके बाद प्रकोष्ठ के पद घोषित होने हैं । उन्होंने कहा कि छियानवे जिलों में प्रशिक्षण वर्ग लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की समस्त नियुक्ति होने के बाद हम लोग विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग जायेंगे। डा अनिल यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, झांसी ललितपुर सांसद पं अनुराग शर्मा, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली आदि मौजूद रहे।

## बसपा ने किया विस्तार कर जिला व विधानसभा स्तर पर नई नियुक्तियां की, संगठन को मजबूत करने पर जोर

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में जिले में जिला एवं विधानसभा स्तर पर नई नियुक्तियों की घोषणा की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती के निर्देशन तथा झांसी-चित्रकूट मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी नौशाद अली की संस्तुति पर यह नियुक्तियां की गई हैं। इस संबंध में बसपा के जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि पार्टी आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

पार्टी नेतृत्व का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाते हुए बहुजन समाज पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाना है। जारी सूची के अनुसार संजय कुमार (भीम नगर, नदीपुरा) को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं निधि सिंह एड. (तालाबपुरा) को जिला कोषाध्यक्ष तथा राघवेन्द्र सिंह जरिया को बीवीएफ का जिला संयोजक बनाया गया है। 226 ललितपुर विधानसभा के लिए अर्जुन लाल (जाखलौन) को विधानसभा महासचिव तथा अनूप उर्फ लक्ष्मीनारायन (म्याँव/तालबेहट) को बीवीएफ विधानसभा संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 227 महरौनी विधानसभा के लिए देशपत सिंह गौतम को विधानसभा महासचिव, कमलेश सिंह लोधी एड. को विधानसभा सचिव तथा हीरा लाल पाल को विधानसभा कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## वाहन की टक्कर से इंदौर से लौट रहे युवक की मौत, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत अमझरा घाटी के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में इंदौर से अपने घर लौट रहे 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सामने से आ रहे एक अज्ञात दोपहिया वाहन ने तेज रफ्तार औयुवक की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ थाना दिगौड़ा अंतर्गत ग्राम फिरोजपुरा भाटा निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र ब्रजेन्द्र सिंह ने थाना नाराहट में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उनका पुत्र दीपेन्द्र सिंह 5 मार्च 2026 को अपनी मोटरसाइकिल संख्या एम.पी. 09 जेड.डब्लू. 9272 से इंदौर से अपने घर लौट रहा था। सुबह लगभग चार बजे जब वह अमझरा घाटी के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक दोपहिया वाहन एम.पी. 36 जेड.जे. 0475 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी।

### मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का पाली में शुभारंभ

# 12 लाख शिक्षकों व आश्रितों को मिलेगा लाभ : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का क्षेत्रीय शुभारंभ बुधवार को पाली तहसील सभागार में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) बिरधा गौरव शुक्ला के नेतृत्व में किया गया।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि एवं अध्यक्ष के रूप में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) निशांत मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी। उन्होंने कहा कि अब गंभीर बीमारियों के इलाज के दौरान शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सरकार की अन्य शिक्षा संबंधी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न संस्थानों के साथ समझौते भी किए गए हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम निशांत ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि शिक्षक समाज की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के 12 लाख से अधिक शिक्षकों एवं उनके आश्रित परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे वे बिना आर्थिक चिंता के अपने शिक्षण कार्य को पूरी निष्ठा के साथ कर सकेंगे। उन्होंने तहसील प्रशासन की ओर से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। खंड शिक्षा अधिकारी गौरव शुक्ला ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक पात्र शिक्षक तक इसका लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने हेल्थ कार्ड के उपयोग की प्रक्रिया समझाते हुए शिक्षकों से अपील की कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं तथा शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तहसील प्रशासन के अधिकारी, नगर पंचायत प्रतिनिधि, एआरपी, विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, बड़ी संख्या में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन स्थानीय शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

## शहर के बीचों बीच स्टंटबाजी का खेल, बाल-बाल बचे बाइक सवार और पैदल राहगीर

# ब्यावरा में सरेआम 'स्टंटबाजी: रसूख की रफ्तार में ट्रैफिक नियमों की उड़ीं धज्जियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के बीचों-बीच ट्रैफिक नियमों को ठेंगा दिखाते हुए हुड़दंगबाजी का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कुछ मनचले और बेखौफ युवकों ने शहर के सिटी थाना के सामने से पीपल चैराहे की ओर जा रहे थे। सड़कों पर कानून-व्यवस्था का जमकर मखौल उड़ाया। फोर व्हीलर वाहन से शहर के कन्याषाला स्कूल के सामने स्टंटबाजी करने वाले युवाओ को पुलिस का कोई खौफ नहीं है, करीब 4-5 फोर व्हीलर वाहनों के गेट खोलकर कार के दोनो तरफ खड़े होकर स्टंट बाजी कर रहे थे। जहा पर कुछ बाइक सवार इनकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए।

### आखिर कहां गायब हो गई शहर की व्यवस्था देखने वाली पुलिस?

शहर के बीच बाजार में अचानक 4 से 5 कारों का एक काफिला निकला। रैली की शक्ल में चल रही इन कारों की रफ्तार जितनी तेज थी, उससे कहीं ज्यादा तेज युवाओं का दुस्साहस था। गाड़ियों के दरवाजे खोलकर उन पर लटके ये लड़के न सिर्फ अपनी जान जोखिम में डाल रहे थे, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी बड़ी मुसीबत बने हुए थे। इनके द्वारा शहर में सरेआम अव्यवस्था फैलाई जा रही थी, ऐसे में क्या पुलिस थाना से लेकर पीपल चैराहे तक शहर की व्यवस्था में ड्यूटी लगने वाली पुलिस कहा गायब हो गई? प्रत्यक्षदर्शीयों का कहना है कि पुलिस इन लोगों पर कार्रवाही करने के बजाय तमाषा देखती रही।

### ब्यावरा सिटी थाना पुलिस को स्टंट बाजों की खुली चुनौती

हैरानी की बात यह है कि यह पूरा तमाशा ब्यावरा शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ। इस हुड़दंग ने पुलिस की मुस्तैदी पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जब रसूख और रील का भूत सिर चढ़कर बोलता है तो आम जनता की सुरक्षा कैसे भगवान भरोसे छोड़ दी जाती है यह नजारा साफ देखने को मिला। बड़ा सवाल यह है कि क्या शहर की सड़कों पर इस तरह के जानलेवा स्टंट करने की खुली छूट है? अगर इन गाड़ियों की चपेट में आकर कोई बड़ा हादसा हो जाता, तो इसका जिम्मेदार कौन होता? सोशल मीडिया पर रील चमकाने और रौब झाड़ने के चक्कर में बीच शहर में की गई इस स्टंटबाजी से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

### *सीसीटीवी कैमरे क्या कार्रवाई में होंगे सहायक लोगों को इंतजार*

*बीच सड़क पर कानून की धज्जियां उड़ाने का यह वीडियो। ब्यावरा पुलिस के लिए यह साख का सवाल बन चुका है। अब देखना है कि क्या ब्यावरा पुलिस इन गाड़ियों के नंबर ट्रैक कर इन पर सख्त कानूनी शिकंजा कसती है? या फिर हर बार की तरह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा? जनता अब टकटकी लगाए देख रही है कि पुलिस प्रशासन इन 'सड़क के सुल्तानों' पर क्या और कितनी जोरदार कार्रवाई करता है, क्योंकि इनके सबूत के तौर पर शहर में जगह-जगह लग रहे सीसीटीवी कैमरों में पुलिस थाना में पूरी घटना कैद हो चुकी है।*

### *इनका कहना है*

*शहर में इस प्रकार की हरकत करने वाले को छोड़ा नहीं जाएगा, मैं पुलिस टीम को भेजकर मामला दिखवाता हूं।*

*-शिवराजसिंह चौहान, थाना प्रभारी सिटी थाना ब्यावरा*

## ग्राम पंचायत मानपिछोड़ी के मोयली खुर्द का मामला

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने के दबाव में मारपीट, एफआईआर नहीं लिखने पर खाया जहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

राजगढ़ जिले के कुरावर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानपिछोड़ी में मंगलवार को एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया जिसने पंचायत व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। सीएम हेल्पलाइन पर सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण में कथित अनियमितता और राशन कार्ड में नाम नहीं जोड़े जाने की शिकायत करने वाले दो भाइयों के साथ पंचायत भवन में मारपीट किए जाने का आरोप है। वहीं पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बाद कई घंटे तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की, जिससे आहत होकर उसने थाने परिसर में ही कीटनाशक पी ली। घटना के बाद देर रात करीब 10 बजे पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के मुताबिक मानपिछोड़ी के आश्रित ग्राम मोयली खुर्द निवासी रामनिवास मीणा एवं उनके बड़े भाई हरिनारायण मीणा ने कुछ समय पूर्व सीएम हेल्पलाइन (181) पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण किए बिना ही राशि निकाल ली गई है। साथ ही राशन कार्ड में परिवार के सदस्य का नाम नहीं जोड़े जाने की शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मंगलवार दोपहर करीब एक बजे पंचायत सचिव चैनसिंह चैधरी का फोन आया और दोनों भाइयों को ग्राम पंचायत कार्यालय बुलाया गया। आरोप है कि वहां पहले से सरपंच रामनारायण मीणा, उनके शिक्षक भाई रामराज मीणा तथा भतीजा आनंद मीणा सहित अन्य लोग मौजूद थे। हरिनारायण मीणा के अनुसार पंचायत भवन पहुंचने के बाद उनसे सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने के लिए कहा गया। जब उन्होंने शिकायत वापस लेने से इनकार किया तो विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए दोनों भाइयों के साथ लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की गई। पीड़ितों का कहना है कि घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो रामनिवास का मोबाइल छीन लिया गया। धक्का-मुक्की के दौरान उनका पर्स भी गायब हो गया। और रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

> सचिव के फोन पर पंचायत पहुंचे, शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने का आरोप

### डायल-112 पर सूचना, फिर भी कई घंटे तक नहीं हुई एफआईआर

घटना के तुरंत बाद दोनों भाइयों ने डायल-112 पर सूचना दी और दोपहर करीब दो बजे कुरावर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि कई घंटे तक उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि बार-बार निवेदन करने के बावजूद उपनिरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत ने तत्काल अपराध दर्ज नहीं किया। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई में हो रही देरी से परेशान होकर रामनिवास मीणा ने शाम के समय थाने परिसर में ही कीटनाशक दवा पी ली। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया।

### दोनों पक्षों की शिकायत पर दर्ज किए प्रकरण

ग्राम पंचायत सचिव चैनसिंह चौधरी ने भी कुरावर थाने पहुंचकर रामनिवास एवं हरिनारायण मीणा के खिलाफ मारपीट एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। खाद्यान्न पोर्टल का सर्वर डाउन होने के कारण राशन कार्ड में नाम नहीं जुड़ पाया था। इसी बात को लेकर दोनों भाई आक्रोशित हो गए और उनके साथ मारपीट करने लगे। उनका कहना है कि सरपंच रामनारायण मीणा, उनके भाई रामराज मीणा एवं आनंद मीणा बीच-बचाव करने पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पीड़ित का आरोप सड़क बनी नहीं, राशि निकाली

पीड़ित हरिनारायण मीणा का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन पर इसलिए शिकायत की थी क्योंकि गांव में सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण नहीं हुआ, लेकिन उसका भुगतान कर दिया गया। साथ ही राशन कार्ड में नाम नहीं जोड़ा गया था। उनका आरोप है कि इन्हीं शिकायतों को वापस लेने का दबाव बनाया गया और मना करने पर मारपीट की गई। दोपहर दो बजे से रात तक थाने में बैठे रहे, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। पुलिस की उदासीनता से परेशान होकर उनके भाई ने जहर खा लिया।

### मामले को समझने में लगा समय

उपनिरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत ने बताया कि दोनों पक्ष दोपहर में थाने आए थे। ग्राम पंचायत में सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को लेकर विवाद हुआ था। फरियादी लूट का प्रकरण दर्ज कराने की मांग कर रहे थे, जबकि घटनाओं के अनुसार अलग-अलग अपराध दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को समझने में समय लगा। बाद रात करीब 10 बजे दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया गया।

## हाट बाजार के दिन लगे लंबे जाम से बेहाल लोग, प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार के कारण मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे वाहन चालकों सहित राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साप्ताहिक हाट-बाजार के दिन माचलपुर नाका से लेकर इंदर चैराहा और स्वामी विवेकानंद चैराहा तक यातायात अवरुद्ध हो गया। हाट बाजार में आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों लोग खरीदारी के लिए नगर में आते हैं, जिससे जाम की स्थिति और विकट हो जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद, तहसील और पुलिस प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बाद भी इसका स्थायी समाधान नहीं निकला है। जाम के कारण मरीजों और राहगीरों को अस्पताल पहुंचने में भारी दिक्कत होती है। नगर के अंदर बनने वाले सिटी पोर्शन का निर्माण कार्य होना था जिसको लेकर नगर में चर्चा भी जोरों पर हुई थी लेकिन क्या वजह बनी जो निर्माण कार्य होना था वह अधर में लटक गया।यदि निर्माण कार्य हो जाता तो आज यह स्थिति नहीं होती। इसके साथ ही दुकानदारों द्वारा सामान सड़क किनारे रखना और बाइक व अन्य वाहन बेतरतीब खड़े कर देने से भी यातायात अवरुद्ध हो रहा है।

## सड़कें नहीं बनीं तो जूते-चप्पल नहीं पहनूंगा: विधायक घनश्याम चंद्रवंशी

# मुख्यमंत्री बोले: इसकी जरूरत नहीं,17 सड़कें स्वीकृत करेंगे






हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

कालापीपल, में गुरुवार को आयोजित किसान सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने विधानसभा क्षेत्र की सड़कों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष भावुक घोषणा करते हुए कहा कि यदि क्षेत्र की लंबित सड़कों का निर्माण नहीं हुआ तो वे जूते-चप्पल नहीं पहनेंगे। कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। विधायक चंद्रवंशी ने मुख्यमंत्री को मांग-पत्र सौंपते हुए 48 सड़कों के उन्नयन, 16 नई सड़कों की स्वीकृति, नए राजस्व भवन के निर्माण तथा अरनियाकला में आर्ट्स एवं साइंस कॉलेज खोलने की मांग रखी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि यदि प्रस्तावित 16 सड़कों की स्वीकृति नहीं मिली अथवा उनका निर्माण पूरा नहीं हुआ तो वे जूते-चप्पल का त्याग कर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 16 नहीं, 17 सड़कें देंगे। जूते-चप्पल छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। जूते-चप्पल कांटों से बचाने और आगे बढ़ने के लिए होते हैं। अपनी बात और शब्दों का ध्यान रखना चाहिए। सरकार विकास कार्यों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आपके साथ है। मुख्यमंत्री ने विधायक का मांग-पत्र स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लगभग 29 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया।

## सौम्यता की मिसाल बने पृथ्वीराज, जन्मदिन पर समाजसेवा का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने अपना जन्मदिन सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ मनाकर जनसेवा का प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने दिन की शुरुआत बाबा महाकाल, भैंसवा माता, कपिलेश्वर महादेव एवं जीवनदायिनी माँ कालीसिंध की पूजा-अर्चना से की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गौशाला में गौपूजन, हरा चारा खिलाने और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात वे प्राथमिक विद्यालय तलेनी पहुँचे, जहाँ विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। कन्या शाला में छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री भेंट कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा व्यक्तिगत अवसरों को समाजहित से जोड़ना अनुकरणीय है। सेवा सदन स्थित कार्यालय पर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, मातृशक्ति एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत कर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं। पूरे दिन शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर पृथ्वीराज टेटवाल ने कहा, ''जनसेवा ही मेरा धर्म और समाज का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।

लोगों का प्रेम, बड़ों का आशीर्वाद और बच्चों की मुस्कान ही मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है।'' उनका जन्मदिन सेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का प्रेरक संदेश बन गया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, शिक्षक अनिल पांडे,युवा नेता चिराग सोनी,योगेश माहेश्वरी,लल्ला बारकिया,मोहित हाडा सहित अन्य मौजूद थे।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस और किताबों की लूट, कांग्रेस सेवादल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि और पुस्तक व यूनिफॉर्म के नाम पर हो रही लूट के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले भर में संचालित प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली जा रही है। साथ ही निर्धारित दुकानों से ही महंगी किताबें एवं यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि छब्म्त्ज् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं दरों को दरकिनार कर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें छपवाकर स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों को खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। जो किताबें एनसीईआरटी पर मात्र 100-150 रुपये में उपलब्ध हो सकती हैं, उन्हें कई गुना अधिक दाम पर बेचा जा रहा है। कांग्रेस ने इसे शिक्षा माफिया और स्कूल संचालकों की मिलीभगत बताते हुए कहा कि शिक्षा जैसे मूलभूत अधिकार का व्यवसायीकरण अब असहनीय स्तर पर पहुंच चुका है। ज्ञापन में की गई मांगे 'फीस वृद्धि पर तत्काल रोक' लगाई जाए। 'निजी विद्यालय (फीस विनियमन) अधिनियम 2017' का सख्ती से पालन किया जाए। सभी स्कूलों में 'केवल एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें' अनिवार्य की जाएं। यूनिफॉर्म और किताबें किसी भी दुकान से खरीदने की छूट दी जाए। प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। जिनमें नगर मुख्य संगठक भगवान सिंह मालवीय, तरूण चोबे, चंदरसिंह गुर्जर, गिरीराज सिंह बना, गोकुल वर्मा, राजाराम पाटीदार, रामलाल गुर्जर कहारखेड़ा, प्रेम सिंह राजाहेड़ी, कालूराम मालवीय, आनन्द गुप्ता, श्याम किरार, बीरम सिंह सोंधिया, राधेश्याम मालवीय, महेश सेन, निरंतर टेलर, वाहिद सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न, नारायणसिंह तोमर बनाए गए नगर अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत अंतर्गत नगर इकाई जीरापुर द्वारा कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर एवं नवीन नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। जहां पर जिला संयोजक शुभम शर्मा एवं प्रांत सहमंत्री उमा वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे। शुभारंभ परिषद गीत एवं परिचय सत्र के साथ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में संगठन की कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, कार्यकर्ता आचरण, कार्य विस्तार एवं विद्यार्थी परिषद की विचार धारा पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला संयोजक शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्रहितों की आवाज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक सशक्त छात्र संगठन है। कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे महाविद्यालय एवं समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन के कार्यों को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाएं। प्रांत सहमंत्री उमा वैष्णव ने कहा कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित होती है। उन्होंने नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भाव से करने तथा विद्यार्थी हित, समाज हित और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर नवीन नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष नारायण सिंह तोमर , नगर उपाध्यक्ष रोहित मालवीय, अविनाश व्यास, दीपक दांगी, उमा सेन एवं नगर मंत्री विशाल दांगी सह मंत्री संजय पवांर, रामेश्वर पवांर, जगदीश दांगी, देवराज दांगी, अंकित दांगी, विक्रम सोंधिया, अश्विनी दांगी, रामकेलाश दांगी, रामचंद्र, आराधना सोनी, प्रिंस दांगी कार्यालय मंत्री गिरजा मालवीय महाविद्यालय प्रमुख लखन परमार टीना राठौर विद्यालय प्रमुख सुरेखा चौहान, जगदीश नागर आदि मौजूद रहे।

## पहले ही अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई गई थी

# खड़ी फसल के बीच सीमांकन का आरोप, किसानों की मुआवजे की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



ग्राम बालोडी के किसानों ने खड़ी फसल एवं वर्षाकाल के दौरान भूमि सीमांकन किए जाने का आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को आवेदन देकर फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। आवेदन में अमरसिंह, हिम्मतसिंह, बनेसिंह, लक्ष्मणसिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि उन्हें 7 जुलाई 2026 को सर्वे क्रमांक 251, 685, 659 एवं 660 कुल रकबा 9.910 हेक्टेयर के सीमांकन की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद 8 जुलाई को राजस्व अमले द्वारा सीमांकन की कार्रवाई की गई। किसानों का आरोप है कि सीमांकन के समय खेतों में खड़ी फसल थी तथा वर्षाकाल भी शुरू हो चुका है। उन्होंने पहले ही अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी, इसके बावजूद राजस्व अमले ने पुलिस बल एवं बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में सीमांकन कर देने से फसल को नुकसान पहुंचा है। आवेदन में किसानों ने मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग के उस प्रावधान का भी उल्लेख किया है, जिसमें खड़ी फसल एवं वर्षाकाल के दौरान सीमांकन नहीं किए जाने का उल्लेख होने का दावा किया गया है। किसानों का कहना है कि नियमों की अनदेखी कर कार्रवाई की गई, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ी।किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि फसल नुकसान का सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाया जाए तथा भविष्य में खड़ी फसल और वर्षाकाल के दौरान सीमांकन जैसी कार्रवाई से बचा जाए। अब देखना होगा प्रशासन आगे क्या कार्यवाही करता है। ज्ञापन देने वालों में वीरेन्द्र राजपूत, जितेंद्र राजपूत बालू सिंह सहित ग्रामीण मौजूद थे।